

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

मुझे नहीं पता कि मैं क्यों वायरल हो जाता हूं !

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 | अंक : 72 | रविवार 24 मई 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


उल्हासनगर में शिवसेना को बड़ा झटका

# नगरसेवक विक्की लबाना का पद रद्द



### ■ जाति प्रमाणपत्र अयोग्य घोषित

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के नए चुने गए पार्षद विक्की सिंह दर्शन सिंह लबाना को बड़ा झटका लगा है। कॉर्पोरेशन में पार्षद के तौर पर उनका पद कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि जाति वेरिफिकेशन कमेटी ने उनके जाति सर्टिफिकेट को इनवैलिड घोषित कर दिया है। उल्हासनगर म्युनिसिपल कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने इस बारे में ऑफिशियल ऑर्डर जारी किए हैं।

उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का आम चुनाव 15 जनवरी, 2026 को हुआ था। इस चुनाव में शिवसेना के विक्की सिंह दर्शन सिंह लबाना 'बैकवर्ड क्लासेस ऑफ सिटिजन्स' के वार्ड नंबर 6 'A' के रिजर्व वार्ड से चुने गए थे। लबाना को कलानी सपोर्टर माना जाता है। कलानी ग्रुप ने शिवसेना में मर्जर करके चुनाव लड़ा था। क्योंकि वह रिजर्व सीट से चुने गए थे, इसलिए उन्होंने नियमों के मुताबिक वेरिफिकेशन के लिए अपना जाति सर्टिफिकेट डिस्ट्रिक्ट जाति सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कमेटी, नासिक में जमा किया था।

इसके अनुसार, नासिक की डिस्ट्रिक्ट कास्ट सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कमिटी ने 13 मई, 2026 को इस मामले पर आखिरी फैसला दिया। इसके अनुसार, आवेदक विक्की दर्शन सिंह लबाना को असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर, नासिक द्वारा जारी किया गया बंजारा जाति सर्टिफिकेट इनवैलिड घोषित किया जा रहा है। फैसले में यह भी आदेश दिया गया है कि उक्त सर्टिफिकेट को कैंसल करके सरकार को जमा किया जाए।

स्टेट इलेक्शन कमिश्नर के 31 जनवरी, 2023 के लेटर में दिए गए निर्देशों के अनुसार, जिन मामलों में जाति सर्टिफिकेट इनवैलिड या नकली पाया जाता है, उनमें संबंधित म्युनिसिपल कमिश्नर के लिए तुरंत डिसक्वालिफिकेशन का ऑर्डर जारी करना ज़रूरी है। इन निर्देशों के बाद, उल्हासनगर म्युनिसिपल कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने महाराष्ट्र म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट के सेक्शन 10 (1-A) के तहत कार्रवाई की है।

### ■ पैनल-6 में होंगे उपचुनाव

इस ऑर्डर के मुताबिक, विक्की सिंह दर्शन सिंह लबाना को म्युनिसिपल मेंबर के तौर पर उस तारीख से डिसक्वालिफाई कर दिया गया है, जिस तारीख को उनका जाति सर्टिफिकेट इनवैलिड घोषित किया गया था, यानी 13 मई, 2026। इस फैसले से उल्हासनगर के पॉलिटिकल गलियारों में भारी हलचल मच गई है, और वार्ड नंबर 6 'A' में कॉर्पोरेटर का पद अब खाली हो गया है। इसे शिवसेना के लिए एक झटका माना जा रहा है।

# फायरिंग मामले में 3 गिरफ्तार

**डबल मर्डर** | आरोपी अजित शेख, शेखर बिराजदार व अजय राव 28 तक हिरासत में



मृतक



मृतक





### ■ पुरानी दुश्मनी को लेकर दो भाईयों की हत्या
### ■ उल्हासनगर 5 कैलाश कॉलोनी चौक पर हुई थी फायरिंग
### ■ घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद







आरोपी

**उल्हासनगर.** गुरुवार रात करीब 8 बजे उल्हासनगर 5 स्थित कैलाश कॉलोनी में हुई फायरिंग में दो भाईयों की मौत के मामले में उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने 12 घंटे में दो शूटर्स को गिरफ्तार किया था आज हिललाईन पुलिस ने एक और आरोपी अजित शेख को भी गिरफ्तार कर लिया है।

तीनों को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां उन्हें 28 मई तक रिमांड पर रखने का आदेश दिया गया है। इस मामले में अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। वहीं शुक्रवार शाम को मृतकों के परिजनों ने हत्या के विरोध में रास्ता रोको आंदोलन कैलाश कालोनी में किया और शव लेने से इंकार किया। परिजनों की मांग थी कि मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस के हस्तक्षेप से आंदोलन वापस लिया गया। कैलाश कालोनी में भीड़ के चलते माहौल तनावपूर्ण हो गया। वहीं इस मामले में कुल 5 आरोपियों का नाम सामने आया है जिसमें सागर पाटील के साथ भाजपा नगरसेवक प्रधान पाटील का नाम भी लिया गया है।

ज्ञात हो कि गुरुवार रात को अंबरनाथ गांव और कैलाश कॉलोनी चौक के गुंडों के बीच पुराने झगड़े की वजह से हाथापाई हुई जो फायरिंग में तब्दील हुई। अंधाधुंध फायरिंग में अनिल और अमन चौहान की मौत हो गई और अर्जुन चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल अर्जुन की हालत गंभीर होने की वजह से उसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। शहर में बढ़ते खुलेआम अपराध से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# म्हारल गांव में युवक की निर्मम हत्या, हत्यारे गिरफ्तार

### ■ रविंद्र अहिरे की हत्या से परिसर में सनसनी
### ■ आरोपी चार दिन की रिमांड पर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के पास म्हारल गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज कराने की सलाह देने पर 36 वर्षीय युवक की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक युवक का नाम रविंद्र आहिरे है, जो एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद टिटवाला पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कल्याण न्यायालय में पेश किया गया, जहां आरोपियों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

यह घटना शुक्रवार रात उल्हासनगर के नजदीक म्हारळ गांव स्थित मालखन कंपाउंड इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार रविंद्र आहिरे अपनी मुंहबोली बहन के परिवार की मदद किया करते थे। इसी दौरान इलाके के रहने वाले दीपक डांगे द्वारा महिला की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया। पीड़ित लड़की ने पूरी घटना अपनी मां को बताई, जिसके बाद महिला ने रविंद्र आहिरे से इस विषय पर चर्चा की। रविंद्र आहिरे ने महिला को टिटवाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। लेकिन यह बात आरोपी दीपक डांगे को पता चलते ही उसने बदला लेने की साजिश रची। शुक्रवार रात दीपक डांगे अपने साथ विजय भिडे और परशुराम भिडे को लेकर मालखन कंपाउंड पहुंचा। तीनों आरोपियों ने मिलकर रविंद्र आहिरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रविंद्र आहिरे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी दीपक डांगे समेत विजय भिडे और परशुराम भिडे को गिरफ्तार कर लिया।

# कचरे से भर गई है वालधुनी नदी

**उल्हासनगर.** शहर से होकर बहने वाली वालधुनी नदी कचरे से भर गई है और डंपिंग ग्राउंड बन गई है। अगर मानसून से पहले नदी के किनारे से गाद और कचरा नहीं हटाया गया, तो निचले इलाकों में बाढ़ आने की संभावना है।



उल्हासनगर से होकर बहने वाली वलधुनी नदी के किनारे कचरा डाले जाने से यह कचरे से भर गई है। अंबरनाथ MIDC में फैक्ट्रियों से बिना ट्रीट किया हुआ केमिकल गंदा पानी सीधे नदी के किनारे छोड़े जाने से नदी के पानी का रंग हर पांच मिनट में बदल रहा है। नदी के किनारे के इलाके में बदबू फैल गई है। पिछले हफ्ते नगर निगम ने नालों की सफाई का कॉन्ट्रैक्ट एक ऐसे कॉन्ट्रैक्टर को दिया था जिसे टेंडर प्रोसेस में हटा दिया गया था। मानसून का मौसम आने के बावजूद, नदी कचरे से भर गई है। नदी के किनारे बड़ी मात्रा में घरों का कचरा, प्लास्टिक और रेलवे कॉरिडोर के काम का मलबा जमा हो गया है। नदी को साफ़ रखने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए।

नदी संरक्षण समिति ने मांग की कि मनपा और नगर पालिका नदी पर तुरंत कदम उठाए क्योंकि मानसून का मौसम आ रहा है। पूरी नदी के तल में जमा गाद और मिट्टी को मशीन से हटाया जाना चाहिए, शहर के सभी छोटे और बड़े नाले जो नदी में मिलते हैं, उन्हें तुरंत साफ़ किया जाना चाहिए, और नदी में कचरा बहने से रोकने के लिए जगह-जगह लोहे के जाल लगाए जाने चाहिए।

# खोणी-पलावा में पुलिस का कॉंबिंग ऑपरेशन



### ■ 24 विदेशी नागरिक हिरासत में
### ■ 8 लोगों के पास नहीं था पासपोर्ट-वीजा

**कल्याण.** डोंबिवली के खोणी पलावा इलाके में पुलिस ने बड़ा कॉंबिंग ऑपरेशन चलाकर 24 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में नाइजीरियाई नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं।

कुल 24 विदेशी नागरिकों में 14 पुरुष, 6 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल है। नाइजीरिया के अलावा युगांडा और घाना देश के नागरिकों का भी समावेश है। पुलिस के अनुसार हिरासत में लिए नागरिकों में सिर्फ 7 लोगों के पास वैध दस्तावेज मिले। 8 लोगों के पास न पासपोर्ट था और न वीजा। जबकि 9 लोगों पर विविध आपराधिक मामले दर्ज होने की वजह से उनके पासपोर्ट पहले से कोर्ट में जमा हैं। सभी लोग बिना किसी रेंट एग्रीमेंट के रह रहे थे

कल्याण के डीसीपी अतुल झेंडे ने बताया कि मानपाडा पुलिस और नवी मुंबई पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। मानपाडा के सीनियर पीआई संदीपान शिंदे और उनकी टीम की ऑपरेशन में अहम भूमिका रही।

पुलिस अब जांच कर रही है कि पकड़े गए लोग ड्रग्स तस्करी में शामिल हैं या नहीं। साथ ही जिन मकान मालिकों ने बिना एग्रीमेंट और बिना पुलिस वेरिफिकेशन के मकान किराए पर दिए, उन पर भी कार्रवाई की तैयारी है। फिलहाल सभी हिरासत में लिए गए नागरिकों से पूछताछ जारी है। डीसीपी झेंडे के अनुसार दस्तावेजों की जांच और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अंबरनाथ अतिक्रमण विभाग को और भी फेरीवालों पर कार्रवाई करने की जरूरत

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में भाजी मंडई के पास छाया अस्पताल रास्ते पर एवं शहर पूर्व में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर नपा अतिक्रमण विभाग ने गुरुवार को कई फेरीवालों एवं ठेले वालों पर कार्रवाई करते हुए हाथगाड़ी, ठेले आदि जब्त किए हैं. अब छाया अस्पताल सड़क पर स्वच्छता दिखाई दे रही है. पादचारियों को चलने में आसानी एवं छाया अस्पताल में एम्बुलेंस एवं वाहनों को जाने में आसानी हो रही है. इसमें कोई शक नहीं है कि ये रास्ता अब बाइक पार्किंग का अड्डा बन जाएगा और फेरीवाले भी फिर से कुछ दिनों बाद अपना धंधा शुरू कर देंगे. लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज चौक शहर पश्चिम में स्टेशन चौक एवं स्वामी नगर को जाने वाले रास्ते फेरीवालों भाजी विक्रेताओं, फल विक्रेताओं का जमावड़ा एकदम बढ़ जाने से स्वामी नगर, शास्त्री नगर तक कोई एम्बुलेंस तक जा नहीं सकता है. किसी दिन बड़े हादसे का अंदेशा है. साथ ही स्टेशन चौक पर दर्जनों गजरा बेचने वाली महिलाएं भी सड़क के बीच में बैठ कर फूल बेच रही है. ये रोजाना का माहौल है जो कि बड़ी दुर्घटना की तरफ इशारा कर रहा है. शनिवार-रविवार एवं सरकारी छुट्टियों पर नपा अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी तैनात ना होने पर फेरीवाले सुबह से रात तक सड़क के बच में बैठकर धंधा करने से शहरवासियों को परेशानी हो रही है. शहरवासियों का कहना है कि ये सब कब बंद होगा. यहां पर कार्रवाई करते हुए छुट्टियों के दिनों में भी अतिक्रमण विभाग कर्मचारियों को तैनात करने की मांग की जा रही है. भाजी मंडई में भी लोगों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है.







पेश है बिल्कुल नया - KINETIC DX

आपकी 90's की यादगार सवारी अब इलेक्ट्रिक रूप में वापस आ गई है। वही भरोसेमंद स्टाइल, अब और भी दमदार तकनीक के साथ। भारतीय सड़कों के लिए खास तौर पर तैयार की गई मज़बूत ऑल-मेटल बॉडी, शानदार मजबूती, भरोसा और हमेशा आकर्षक दिखने वाला डिज़ाइन।

एडवांस LFP बैटरी के साथ पाएँ: लंबी बैटरी लाइफ, बेहतर सुरक्षा, लगातार दमदार परफॉर्मेंस रियल लाइफ के लिए डिज़ाइन किए गए स्मार्ट फीचर्स: Easy Charge, Easy Flip, Easy Key

अब हर सफर होगा और भी आसान। टेलीकाइनेटिक कनेक्टिविटी के साथ आपका स्कूटर हमेशा आपसे जुड़ा रहेगा।

Scan & join the I AM KINETIC community on our website. Win exciting prizes

आज ही अपने नज़दीकी KINETICEV शोरूम पर विज़िट करें। C.H. AUTOMOBILES ULHASNAGAR 99700 22335

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी

इस दौर में वैश्विक स्तर पर कई तरह की नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक अहम अध्याय के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, दोनों देशों ने वर्ष 2029 तक अपने बीच होने वाले व्यापार को नई ऊंचाई देने का एक महत्त्वपूर्ण संकल्प लिया है।

यों कुछ समय पहले भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते ने एक नई जमीन रची थी, लेकिन अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा।

इसके अलावा रणनीतिक साझेदारी पर भी अहम समझौतों के साथ रक्षा, व्यापार और नवाचार से लेकर अन्य कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के कदम बढ़ते दिख रहे हैं। मगर यह धरातल पर कितना उतरेगा, अभी कहना मुश्किल है। उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक स्तर पर बदलते समीकरणों के बीच रक्षा तथा आर्थिक संबंध और समुद्री परिवहन में सहयोग बढ़ाने का संकल्प द्विपक्षीय संबंधों को नया विस्तार देगा।

खासतौर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जो समझौते हुए हैं, वे भविष्य में हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। अगर ये जमीन पर उतरते हैं, तो इसे एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना जाएगा, जो शायद दोनों देशों के संबंधों को एक नए स्तर पर आगे ले जाए। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता से भी स्पष्ट है कि साझेदारी का दायरा बड़ा है। गौरतलब है कि इटली, यूरोपीय संघ में भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

रणनीतिक साझेदारी कई स्तरों पर बढ़ती जा रही है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा बनेगी और दोनों देश संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए साझा प्रयास करने पर दोनों देशों के बीच बनी सहमति वक्त की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि दोनों देश इसे व्यावहारिक स्तर पर कितना और कैसे लागू करते हैं।

विमर्श

# फिर से न उभरने पाएं माओवादी

माओवाद का जहर निकालने के बाद मोदी सरकार अब प्रभावित इलाकों की सुरक्षा और वहां विकास सुनिश्चित करने में जुट गई है। बीते दिनों बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यहां विकास न पहुंचने का कारण माओवाद को बताते हुए कहा कि गैर-भाजपा सरकारों ने तो माओवाद मुक्त अभियान में हमारा सहयोग किया, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने नहीं किया।

इस पर विचार करना आवश्यक है कि 1960 के दशक में बंगाल के नक्सलबाड़ी से उठा ये बवंडर कैसे 14 राज्यों के लगभग 150 जिलों तक फैल गया? कैसे माओवादी तिरुपति से लेकर पशुपतिनाथ तक लाल गलियारा बनाने में जुटे? आखिर वे कौन सरकारें थीं, जिन्होंने हजारों निर्दोष लोगों की हत्याएं करने वाले माओवादियों को फलने-फूलने दिया और उन्हें बिगड़ैल बच्चा कहकर आगे बढ़ाया?

यह अकारण नहीं है कि पीएम मोदी कांग्रेस को माओवाद समर्थक बताते हैं। कांग्रेस का इतिहास माओवाद के समर्थन का भी रहा है। वह माओवाद को एक सामाजिक-आर्थिक समस्या बताती रही। इसी के चलते 1970-80 के दशक में माओवादी फैलते चले गए। 1990 के दशक की शुरुआत में माओवादियों ने जब छत्तीसगढ़ में बस्तर के साथ ओडिशा, आंध्र और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को मिलाकर दण्डकारण्य आदिवासी राज्य बनाने के लिए हिंसक गतिविधियां तेज कीं, तब भी कांग्रेस की सरकारें निष्क्रिय बनी रहीं।



इस दौरान सैकड़ों जवान बलिदान हुए और निर्दोष नागरिक मारे गए। आंध्र की वाइएसआर रेड्डी की कांग्रेस सरकार ने तो 2004 में पीपुल्स वार ग्रुप से समझौता वार्ता तक कर ली थी। हालांकि टीडीपी का रुख खिलाफ रहा। 2003 में माओवादियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर हमला भी किया था।

एक समय माओवादियों ने दक्षिण में अपना जंक्शन बना लिया था, जिसे वे केकेटी जोनल कमेटी कहते थे। केकेटी यानी केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु। दक्षिण में माओवादियों का कितना असर था, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने यहीं आइईडी ब्लास्ट की तकनीक लिट्टे से सीखी थी। माओवादियों ने कांग्रेस को भी घाव दिए। 2013 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की झीरम घाटी में उन्होंने घात लगाकर हमला किया, जिसमें राज्य कांग्रेस का लगभग पूरा नेतृत्व खत्म हो गया। इसके बाद कांग्रेस का रुख थोड़ा बदला, पर 2018 से 2023 तक छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार ने माओवादियों के खिलाफ वैसा अभियान नहीं छेड़ा, जैसा आवश्यक था।

जब बीती 31 मार्च माओवाद के खात्मे की डेडलाइन थी, तब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने कहा कि राज्य में किसी माओवादी का एनकाउंटर नहीं होगा। यही वजह रही कि देश के दूसरे हिस्सों में जब माओवादियों का एनकाउंटर हो रहा था, तब तेलंगाना से एक भी बड़े एनकाउंटर की खबर नहीं आई। छत्तीसगढ़ में आपरेशन के दौरान माओवादी भागकर तेलंगाना के जंगलों में शरण ले रहे थे, इसलिए वहां से सिर्फ माओवादियों के सरेंडर की खबरें आईं।

अनेक ऐसे समूह भी थे, जो उनसे सहानुभूति रखते थे। 2003 में छत्तीसगढ़ में जब रमन सिंह की भाजपा सरकार आई तो पुलिस और अर्धसैनिक बलों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण देने के लिए नगालैंड आर्म्ड फोर्स की बटालियन बस्तर बुलाई गई। उसने बीजापुर के सलवा जुडूम के साथ मिलकर माओवादियों पर जबरदस्त दबाव बनाया। सलवा जुडूम ग्रामीणों का समूह था, जो माओवादियों के खिलाफ उठ खड़ा हुआ था। 2005 से 2007 के बीच नगा बटालियन ने माओवादियों की जड़ें हिला दी थीं।

माओवाद समर्थकों से यह देखा नहीं गया। वामपंथियों ने छत्तीसगढ़ में नगा बटालियन भेजे जाने पर खूब हाय-तौबा मचाई। आखिर 2007 में उसे वापस बुला लिया गया। इससे माओवादियों का हौसला बढ़ा। उन्होंने 2007 में बीजापुर के रानी बोदली गांव में पुलिस कैंप पर हमला कर उसमें आग लगा दी, जिसमें 55 जवान जिंदा जल गए। 2010 में सुकमा के ताड़मेटला में माओवादियों ने हमला किया, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान बलिदान हो गए।





आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# विकास दर के अनुमान में कटौती

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद जिस स्तर पर वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई, उसका प्रभाव दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ा है। भारत में भी आपूर्ति शृंखला बाधित होने की वजह से कई स्तर पर झटके लगे हैं, जिसका सीधा असर देश की आर्थिक संरचना पर पड़ा है। इसके बावजूद भारत ने अपने स्तर पर हालात से निपटने की कोशिश की है और यही वजह है कि आने वाले दिनों की चुनौतियों के समांतर कुछ सकारात्मक संकेत अब भी कायम हैं।

वैश्विक स्तर पर ज्यादातर देशों को लगे आर्थिक झटकों के असर का दायरा अब भी फैल रहा है और शायद संयुक्त राष्ट्र की ओर से इन्हीं वजहों से भारत की विकास दर प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती कर दी गई है। इसके मुताबिक, वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत हो सकती है।

निश्चित तौर पर यह भारत के लिए एक चुनौती भरा वक्त साबित हो सकता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने जिस तरह विकास दर में इस अनुमानित संशोधन के बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एक बने रहने का आकलन पेश किया है, उससे एक उम्मीद भी पैदा होती है। दरअसल, पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद जैसी स्थितियां पैदा हुईं, उसका असर इस रूप में आने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। सच यह है कि न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अप्रत्याशित साबित हो रहे संकट का दायरा और भी विस्तृत हो सकता है, क्योंकि 2026 के लिए वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भी महज 2.5 प्रतिशत आंका गया है।



यह छिपा नहीं है कि दुनिया के ज्यादातर प्रभावित देशों में इसकी वजह से विकास की रफ्तार धीमी हुई है और सभी जगहों पर महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ा है। आम लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होने का सीधा असर बाजार पर पड़ता है और उसका सिरा आगे उत्पादन क्षेत्र तक भी जाता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए नीति-निर्माण के मामले में विकल्प कम होते जाते हैं।

हालांकि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में उछाल और व्यापारिक अनिश्चितता का प्रत्यक्ष प्रभाव भारत समेत कई अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। खासतौर पर ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध से उपजे हालात में तेल आयात पर निर्भर countries की चिंताएं बढ़ी हैं। सच यह है कि जिस तरह ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया, उसकी वजह से अन्य देशों के साथ-साथ भारत को भी इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ा है।

यों भारत ने इसका विकल्प निकालने की कोशिश की है और तेल आयात के लिए अन्य कुछ देशों के साथ कूटनीतिक संवाद कायम किया है, लेकिन फिलहाल बाधित आपूर्ति शृंखला की वजह से अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में ऊर्जा आयात के क्षेत्र में बढ़ती लागत और वित्तीय स्थितियों पर लगातार बढ़ते दबाव की वजह से अगर भारत की विकास दर भी चुनौतियों के बीच है, तो यह एक स्वाभाविक स्थिति है। मगर इसका सामना करना इस बात पर निर्भर है कि सरकार नए विकल्पों को लेकर कितनी स्पष्ट है और कितनी इच्छाशक्ति के साथ पहल करती है।

# रहस्यमयी गुफा, जहां मौजूद है 'भगवान की आंखें'

दुनिया में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिन्हें देखकर पहली नजर में यकीन ही नहीं होता कि ये सब प्रकृति की बनाई

**जरा हट के**

हुई चीजें हैं. कहीं पहाड़ों का अजीब आकार लोगों को हैरान करता है तो कहीं गुफाओं के अंदर बनने वाली आकृतियां किसी रहस्य से कम नहीं लगतीं. ऐसी ही एक बेहद अनोखी और रहस्यमयी गुफा यूरोपीय देश बुल्गारिया में मौजूद है, जिसे लोग 'भगवान की आंखें' यानी Eyes of God के नाम से जानते हैं. इस गुफा की सबसे खास बात इसकी छत पर बने दो विशाल छेद हैं, जो बिल्कुल इंसानी आंखों जैसे दिखाई देते हैं. जब सूरज की रोशनी इन छेदों से अंदर आती है, तो ऐसा लगता है जैसे आसमान खुद गुफा के भीतर झांक रहा हो. वहीं बारिश के दौरान इन छेदों से पानी नीचे गिरता है और यह नजारा ऐसा दिखता है, मानो भगवान की आंखों से आंसू बह रहे हों. यही वजह है कि इस गुफा को देखने



हर साल कई जगहों से लाखों पर्यटक पहुंचते हैं.

दरअसल, यह मशहूर गुफा बुल्गारिया की राजधानी सोफिया से करीब दो घंटे की दूरी पर है. यह लुकोवित नगर पालिका के कार्लुकोवो गांव के पास मौजूद है. जिस इलाके में यह गुफा स्थित है, उसे बुल्गारिया के सबसे बड़े कार्स्ट क्षेत्रों में गिना जाता है.कार्स्ट क्षेत्र ऐसे इलाके को कहा जाता है जहां चूना पत्थर जैसी चट्टानें पानी से धीरे-धीरे घुलकर गुफाएं, सुरंगें और अजीब आकार की प्राकृतिक संरचनाएं बना देती हैं. सरल शब्दों में कहें तो ये प्राकृतिक गुफाओं और पत्थरों वाले खास इलाके होते हैं. इस गुफा का असली नाम प्रोहोदना गुफा (Prohodna Cave)है, लेकिन इसकी अनोखी बनावट की वजह से लोग इसे 'भगवान की आंखें' कहने लगे.

हजारों सालों तक हवा, पानी और प्राकृतिक कटाव की वजह से इस गुफा की छत पर दो बड़े गोल छेद बन गए. समय के साथ इन छेदों का आकार बिल्कुल आंखों जैसा दिखाई देने लगा. यही वजह है कि यह गुफा दुनिया भर में लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई. दिन के समय जब सूरज की रोशनी इन आंखों से होकर अंदर आती है, तो पूरी गुफा रोशनी से चमक उठती है. कई पर्यटक इस नजारे को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मानते.

# खीरे की किमची




**सामग्री :**

- ताजे खीरे: 2 से 3
- नमक: 1 चम्मच
- लहसुन: 3-4 कलियां
- अदरक: आधा इंच टुकड़ा
- सोया सॉस: 1 बड़ा चम्मच
- सफेद सिरका या नींबू का रस: 1 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर (या चिली फ्लेक्स): 1 चम्मच
- चीनी या शहद: आधा छोटा चम्मच
- भुने हुए सफेद तिल: 1 चम्मच

**विधि**

सबसे पहले खीरों को अच्छी तरह धो लें। आप चाहें तो इन्हें गोल टुकड़ों में काट सकते हैं या फिर बीच से चीरा लगाकर लंबे और पतले टुकड़ों में काट लें। अब कटे हुए खीरे में एक चम्मच नमक अच्छी तरह मिला लें और इसे 15 से 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इससे खीरे का एक्स्ट्रा पानी बाहर निकल जाएगा और वो लंबे समय तक क्रंची बने रहेंगे।

जब तक खीरे तैयार हो रहे हैं, आप इसका चटपटा मसाला बना लें। एक छोटी कटोरी में बारीक कटा लहसुन, कद्दूकस किया अदरक, सोया सॉस, सिरका या नींबू का रस,



लाल मिर्च पाउडर और हल्की-सी चीनी/शहद डालकर अच्छी तरह मिला लें।

20 मिनट बाद आप देखेंगे कि खीरे ने काफी पानी छोड़ दिया है। इस पानी को फेंक दें और खीरे के टुकड़ों को हल्के हाथों से निचोड़ लें ताकि बचा हुआ पानी भी निकल जाए। अब निचोड़े हुए खीरों को एक बड़े बाउल में डालें और ऊपर से तैयार किया हुआ चटपटा मसाला डाल दें। हाथों से या चम्मच की मदद से मसाले को खीरे पर अच्छी तरह कोट कर लें। अंत में ऊपर से भुने हुए सफेद तिल डाल दें।

लीजिए, आपकी टेस्टी, तीखी और क्रंची 'खीरे की किमची' बिल्कुल तैयार है। वैसे तो आप इसे तुरंत खा सकते हैं, लेकिन अगर आप इसे 1-2 घंटे के लिए फ्रिज में रख देंगे, तो मसाले खीरे के अंदर तक चले जाएंगे और इसका स्वाद दोगुना हो जाएगा। आप इसे फ्राइड राइस, नूडल्स, मैगी के साथ खा सकते हैं या फिर शाम की हल्की भूख में एक हेल्दी स्नैक के तौर पर भी एन्जॉय कर सकते हैं।

# नौतपा में खाएं ये 8 सब्जियां, तासीर में होती हैं ठंडी

## शरीर रहेगा ठंडा, लू और डिहाइड्रेशन से होगा बचाव

इन दिनों हर तरफ नौतपा की चर्चा हो रही है. देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है. लोगों का हाल बेहाल है. लू के थपेड़ों और झुलसा देने वाली सूरज की किरणों से लोगों का घर से निकलना दूभर हो रहा है. उस पर अब 25 मई से नौतपा का कहर भी शुरू होने वाला है. नौतपा पूरे 9 दिनों तक रहता है. 25 मई से 2 जून तक नौतपा रहने वाला है. इस दौरान सूरज आग उगलने वाला है. इन पूरे नौ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने वाली है, क्योंकि पारा 50 से 55 डिग्री तक पहुंच सकता है. ऐसे में इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी. घर से सुबह 11 बजे से लेकर 4 बजे तक निकलने से बचें. जब तक बहुत जरूरी ना हो घर से बाहर न जाएं. हर तरह के प्रोटेक्शन का ध्यान रखें. साथ ही इन दिनों ऐसी चीजें खाएं, जिसकी तासीर ठंडी हो. खासकर, हरी सब्जियों और फलों, तरल पदार्थ का सेवन खूब करें. आपको यहां कुछ सब्जियों के बारे में बता रहे हैं, जो शरीर को ठंडा रखने के लिए जानी जाती हैं.

**नौतपा के समय सूरज पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाता है, जिससे गर्मी प्रचंड रूप धारण कर लेती है. यह हर साल जेठ के महीने में लगता है. ऐसे में लोगों की सेहत प्रभावित हो सकती है. लू लगने का खतरा बढ़ जाता है. आप डाइट का प्रॉपर ख्याल रखें. घर से खाली पेट बिल्कुल ना निकलें. प्रत्येक दिन उन सब्जियों को शामिल करें, जिनकी तासीर ठंडी होती है.**

## नौतपा में खाएं ये सब्जियां

**लौकी-** 25 मई से 2 जून तक रहने वाले नौतपा के दौरान तापमान काफी अधिक बढ़ जाता है. इससे शरीर का तापमान भी बढ़ जाता है. ऐसे में बाहर घूमने से आपको डिहाइड्रेशन, लू लगने का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है. ऐसे में गर्मी के मौसम में लौकी की सब्जी जरूर खाएं. ये शरीर को अंदर से ठंडा रखने में मदद करती है. लौकी में पानी की मात्रा अधिक होती है. इससे शरीर हाइड्रेट रहता है. पेट को ठंडक मिलती है.



**खीरा, ककड़ी-** पानी से भरपूर खीरा और ककड़ी का सेवन भी हर दिन जरूर करें. इनकी तासीर भी ठंडी होती है. खीरा खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है. ये शरीर का तापमान बैलेंस बनाए रखता है. लू से बचाने में भी असरदार है.

**कद्दू-** कद्दू खाने में हल्का और जल्दी पचने वाली सब्जी है. तासीर में ठंडी कद्दू की सब्जी को आप कई तरह से खा सकते हैं. इसके सेवन से शरीर का तापमान नॉर्मल रहता है. पेट को ठंडक मिलती है.

**परवल-** क्या आपको पता है कि परवल की तासीर भी ठंडी होती है? यह पाचन को बेहतर बनाती है. शरीर को ठंडा रखती है. गर्मियों में इसे खाने से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है.

**तुरई-** पानी और फाइबर से भरपूर तुरई की सब्जी बेहद पौष्टिक और हेल्दी होती है. शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए आप तुरई खाएं. पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में तुरई फायदेमंद है.

**टिंडा-** गर्मी के मौसम के लिए बेहद फायदेमंद सब्जी मानी जाती है टिंडा. इसे खाने से शरीर हल्का महसूस करता है. ठंडक मिलती है. आसानी से पचने वाली ये सब्जी नौतपा में जरूर खाएं, काफी हद तक लू, गर्मी के असर से बचाव होगा.

**करेला-** शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है स्वाद में कड़वा करेला. इसके सेवन से गर्मी कम होता है. ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है.

## आज का राशिफल

**मेष** : नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा।

**वृषभ** : व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

**मिथुन** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**कर्क** : व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** : स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें।

**कन्या** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

**तुला** : सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक** : तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** : भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है।

**मकर** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ** : भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे।

**मीन** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# हाइपरटेंशन क्यों कहलाता है 'साइलेंट किलर'?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 70 साल से कम उम्र में होने वाली समयपूर्व मौतों की बड़ी वजह हाइपरटेंशन है. पहले यह समस्या बढ़ती उम्र में ज्यादा देखने को मिलती थी, लेकिन अब युवा भी तेजी से इसका शिकार हो रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, खराब लाइफस्टाइल, तनाव, फास्ट फूड, ज्यादा नमक का सेवन, कम शारीरिक गतिविधि और अनियमित दिनचर्या इसकी प्रमुख वजहें हैं.

## क्यों खतरनाक है हाई ब्लड प्रेशर?

जब ब्लड प्रेशर लंबे समय तक बढ़ा रहता है, तो इसका सीधा असर रक्त वाहिकाओं और दिल पर पड़ता है. दिल को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे उसकी मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं.

**इसके कारण कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जैसे:**

- हार्ट अटैक
- ब्रेन स्ट्रोक
- किडनी फेलियर




## हृदय संबंधी अन्य समस्याएं

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अधिकतर लोगों को लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है.

## रोजाना ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग क्यों जरूरी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि हाइपरटेंशन को कंट्रोल में रखने के लिए नियमित ब्लड प्रेशर जांच बेहद जरूरी है. घर पर ही ब्लड प्रेशर चेक करने की आदत बीमारी को समय रहते पहचानने में मदद करती है.

## ध्यान रखने वाली जरूरी बातें

- दिन में कम से कम 1 से 2 बार ब्लड प्रेशर चेक करें.
- हमेशा क्लिनिकली वैलिडेटेड BP मॉनिटर का इस्तेमाल करें.
- सही रीडिंग मिलने पर इलाज और दवाओं का असर समझना आसान होता है.
- यदि ब्लड प्रेशर लगातार 140/90 mmHg या उससे ज्यादा रहे, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें.
- लाइफस्टाइल में बदलाव से मिल सकता है फायदा

डॉक्टर्स के अनुसार, सही समय पर पहचान और बेहतर जीवनशैली अपनाकर हाइपरटेंशन को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है.

## अपनाएं ये हेल्दी आदतें

- संतुलित और पौष्टिक आहार लें.
- नियमित व्यायाम करें.
- वजन नियंत्रित रखें.
- नमक का सेवन कम करें.
- तनाव से दूर रहें.
- पर्याप्त नींद लें.

# गर्मी के मौसम में बॉलकनी में उगाएं गेंदे के फूल

कम जगह, सीमित धूप और सामान्य गमलों में भी आसानी से उगने वाला गेंदा ना सिर्फ आपके घर की शोभा बढ़ाता है, बल्कि कम देखभाल में भी भरपूर फूल देता है. इस रिपोर्ट में जानिए गर्मियों में बॉलकनी में गेंदा उगाने का आसान तरीका...



**सही बीज का करें चुनाव** - गेंदे के अच्छे पौधे के लिए सबसे जरूरी है सही बीज का चयन. बाजार में अफ्रीकन मैरीगोल्ड और फ्रेंच मैरीगोल्ड की कई किस्में आसानी से मिल जाती हैं. गर्मियों के लिए ऐसी वैरायटी चुनें जो तेज धूप सहन कर सके. बीज हमेशा भरोसेमंद नर्सरी या गार्डन स्टोर से ही खरीदें.

**मिट्टी तैयार करना है बेहद जरूरी** - गेंदे के पौधे अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में तेजी से बढ़ते हैं. इसके लिए आप 50 प्रतिशत सामान्य मिट्टी, 30 प्रतिशत गोबर की खाद या कम्पोस्ट और 20 प्रतिशत रेत मिलाकर मिश्रण तैयार करें. मिट्टी जितनी भुरभुरी होगी, पौधे की जड़ें उतनी मजबूत बनेंगी. अगर गमले में पौधा लगा रहे हैं तो नीचे छोटे छेद जरूर होने चाहिए ताकि अतिरिक्त पानी बाहर निकल सके.

**बीज बोने का सही तरीका** - बीज बोने से पहले मिट्टी को हल्का नम कर लें. अब बीज को लगभग आधा इंच गहराई में डालें और ऊपर से पतली मिट्टी की परत बिछा दें. बीज बोने के बाद स्प्रे बोतल से हल्का पानी दें. गर्मियों में बीज अंकुरित होने में लगभग 5 से 7 दिन का समय लग सकता है. इस दौरान मिट्टी को सूखने ना दें, लेकिन ज्यादा पानी भी ना डालें. यानी की मिट्टी को नम ही रखें.

**धूप कितनी जरूरी है?** - गेंदे के पौधे को रोजाना कम से कम 5 से 6 घंटे की सीधी धूप चाहिए. इसलिए गमले को ऐसी जगह रखें जहां भरपूर सूरज की रोशनी आती हो. पर्याप्त धूप मिलने से पौधे में ज्यादा शाखाएं और अधिक फूल आते हैं. हालांकि दोपहर की बहुत तेज गर्मी में छोटे पौधों को हल्की छांव देना फायदेमंद हो सकता है.

## खबरें गांव की...

### आजम खान को कोर्ट से फिर झटका

दो पैन कार्ड केस मामले में सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़वाने के लिए की गई अपील पर शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खां को पहले सुनाई गई 7 साल की सजा को अब 10 वर्ष कर दिया। जबकि, पचास हजार जुर्माने को बढ़ाकर पांच लाख कर दिया हैं। जबकि,उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात साल की सजा को बरकरार रखते हुए केवल जुर्माना धनराशि को बढ़ाया है। उनकी जुर्माने की धनराशि पचास हजार से 3.5 लाख कर दी है।

### इकरा हसन हिरासत में: जसाला हत्याकांड पर सियासत गरमाई

**सहारनपुर.** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के जसाला गांव में मोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर मंगलवार को सहारनपुर में बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया। कैराना से सपा सांसद इकरा हसन पीड़ित परिवार के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंचीं, यहां विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर महिला थाने ले जाकर बैठा दिया।

करीब दस मिनट बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सांसद को महिला थाने में बैठाने की सूचना पर देर शाम सपाइयों की भीड़ जुट गई पुलिस ने जाम लगाने और शांति भंग के आरोप में पूर्व मत्री समेत छह लोगों को हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं के हिरासत में लेने की सूचना पर सांसद थाना सदर बाजार पहुंचकर धरने पर बैठ गईं, इसी बीच पुलिस ने सभी छह लोगों को जेल भेज दिया। देर रात करीब चार घंटे बाद सिटी मजिस्ट्रेट के सुबह कार्यकर्ताओं को जेल से रिहा कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

### एसिड अटैक में आरोपी महिला 12 साल बाद गिरफ्तार, दूसरे प्रेमी का निकाला पता

अपराधी कितना भी भागे, उसका किया अपराध पीछा नहीं छोड़ता। मामला वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र का है, जहां 2013 के एक एसिड अटैक के केस में गुपचुप अपने दूसरे प्रेमी के साथ भाग निकली आरोपी महिला को पुलिस ने जबलपुर से ढूंढ निकाला। उसकी गिरफ्तारी का जरिया बना 'हेबियस कॉर्पस' कानून। इस कानून के तहत आरोपी महिला की मां ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने वृद्धा की रिट पर उसकी बेटी एवं नाती को ढूंढकर लाने के लिए सारनाथ पुलिस को आदेश दिया था। वृद्धा को आशंका थी कि उसकी बेटी एवं नाती की हत्या की जा चुकी है।

कहानी शुरू होती है, साल 2004 से। सारनाथ के मवइयां इलाके की विभा पटेल का उसी इलाके में किराये पर रहने वाले गुरुदयाल से प्रेम संबंध हो जाता है। विभा की शादी बड़ागांव के रघुनाथपुर में हो जाती है। उसका बेटा सावन होता है। शादी के बाद भी वह मायके में गुरुदयाल के संपर्क में रहती है। वह गुरुदयाल पर शादी के लिए दबाव भी बनाने लगती है। इस बीच गुरुदयाल की शादी वर्ष 2012 में रेशमा से हो जाती है। यह बात विभा को काफी नागवार लगी। उसने सारनाथ थाने में वर्ष 2012 में गुरुदयाल के खिलाफ दुष्कर्म, प्रताड़ना, मारपीट का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसमें गुरुदयाल जेल भी गया।

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

- UP के बांदा में पारा 47°C
- MP-राजस्थान समेत 11 राज्यों में 40° से 47°



**नई दिल्ली.** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं। राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40°C से 47°C के बीच रहा।

इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47°C और एमपी के नौगांव में 46.8°C रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। प्राइवेट एजेंसी AQI के मुताबिक शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44°C तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे।

सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45°C के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2°C तापमान रहा। दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47°C से ज्यादा था। ये सभी शहर भारत के थे। तेलंगाना के 7 जिलों में हीटवेव के कारण इस गर्मी के मौसम में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को ₹4-4 लाख की सहायता देने का ऐलान किया है।

### बिहार में बिजली गिरने से 4 की मौत, जम्मू-कश्मीर में बारिश

बिहार के अररिया, जहानाबाद, नालंदा और सुपौल में शुक्रवार को बारिश हुई। यहां बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के जोजिला और उत्तराखंड के चमोली-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पाकिस्तान के ऊपर और एक बिहार के आसपास बना हुआ है। साथ ही अरब सागर में एक लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। इसके चलते आज कई राज्यों में मौसम बदल सकता है। दिल्ली, पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के साथ लक्षद्वीप में बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र और गोवा में बारिश हो सकती है।

# ट्रम्प ने PM मोदी को अमेरिका आने का न्योता

- विदेश मंत्री रूबियो दिल्ली में PM से मिले
- अमेरिकी मीडिया बोली- यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश



**नई दिल्ली.** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी और रूबियो के बीच 1 घंटे से ज्यादा देर तक बैठक चली। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जय शंकर के अलावा एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे। इस दौरान अमेरिका और भारत के बीच सुरक्षा, व्यापार और महत्वपूर्ण तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा हुई।

रूबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया।

# एक्ट्रेस ट्विशा का पति समर्थ 7 दिन की रिमांड पर

- पासपोर्ट जब्त करने के आदेश
- दिल्ली AIIMS की टीम दोबारा पोस्टमॉर्टम करेगी

**नई दिल्ली.** एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह को शनिवार को भोपाल जिला कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने समर्थ की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। वहीं, ट्विशा के परिजनों की ओर से दिए गए आवेदन पर कोर्ट ने समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने के भी आदेश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पुलिस समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर पहुंची थी। उसे कटारा हिल्स थाने में रखा गया। थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर फोर्स तैनात रही। कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने भोपाल के जेपी हॉस्पिटल में उसका मेडिकल टेस्ट भी कराया। ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम रविवार को होगा। इसके लिए AIIMS दिल्ली ने चार वरिष्ठ डॉक्टरों की मेडिकल टीम बनाई है।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

- ट्रम्प वीकेंड प्रोग्राम कैंसिल कर व्हाइट हाउस लौटे
- ईरान बोला- दुश्मन की बेवकूफी का जवाब देंगे



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने वीकेंड गोल्फ कार्यक्रम रद्द कर अचानक व्हाइट हाउस लौट आए हैं। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान के खिलाफ नए सैन्य हमलों की तैयारी कर सकता है। CBS न्यूज ने दावा किया है कि ट्रम्प प्रशासन संभावित नए हमलों की प्लानिंग पर विचार कर रहा है, हालांकि अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन और सेना के कई सीनियर अधिकारियों ने भी अपने छुट्टी और हॉलिडे प्रोग्राम रद्द कर दिए हैं।

इसी बीच ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने दावा किया कि ईरानी सेना दुश्मन की किसी भी बेवकूफी का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ईरान पर हमला ना करने की अपील- सऊदी अरब, UAE और कतर ने ट्रम्प से ईरान पर हमला न करने और युद्ध की जगह कूटनीति अपनाने की अपील की है। EU नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी में- यूरोपीय यूनियन (EU) होर्मुज स्ट्रेट बंद कराने के आरोप में ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है।

होर्मुज खोलने के लिए फ्रांस का प्रस्ताव- फ्रांस ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मिशन तैनात करने का नया प्रस्ताव तैयार किया है।

पाकिस्तान सेना प्रमुख ईरान में- पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे, जहां अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम कराने और समझौते पर चर्चा हुई।

कतर की टीम तेहरान पहुंची- रॉयटर्स के मुताबिक, युद्ध खत्म कराने और बाकी विवाद सुलझाने के लिए कतर की एक टीम शुक्रवार को तेहरान पहुंची है।

# पवित्र गुफा में 6-7 फीट का शिवलिंग बना

- अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई
- यात्रा 3 जुलाई से; सुरक्षा में तैनात जवानों ने दर्शन किए



अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है।

इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी।

### इस बार बाढ़ वाली जगह पर कैंप नहीं लगाए जाएंगे

इस साल सभी संवेदनशील हिस्सों और आपदा की आशंका वाले स्थानों को तीर्थयात्रियों के लिए 'नो-एंट्री जोन' घोषित किया गया है। बालटाल और नुनवान रास्तों के दोनों ट्रैक को चौड़ा किया गया है। पुलों को भी बेहतर बनाया गया है। बादल फटने और अचानक बाढ़ की घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील जगहों पर कैंप नहीं लगाए जाएंगे।

### रास्ते में अब भी 12 फीट तक बर्फ जमी

- इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।
- इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी।
- फाइबर स्ट्रक्चर तापमान में अचानक गिरावट और बारिश से निपटने में कारगर रहेंगे। हर इमारत में 48 कमरे हैं। हर कमरे में अटैच्ड वॉशरूम हैं। गर्म-ठंडे पानी की सुविधाएं होंगी।
- हर इमारत में पैंट्री भी बनाई जा रही है। इन जगहों पर तीन साल पहले काम शुरू हुआ था, जो अब पूरा होने वाला है।

### तेंदुओं का खौफ

**बहराइच.** बहराइच के ककरहा रेंज से लगे ककरहा गांव में शुक्रवार को दबे पांव शिकार की तलाश में घर में घुसे तेंदुए ने मच्छरदानी में पिता संग सोई बालिका को जबड़े में दबोच लिया। जबड़े में फंसी बेटी को बचाने के लिए पिता तेंदुए से भिड़ गया। इस दौरान शोर सुनकर परिजन भी जाग गए। हांका लगाने पर तेंदुआ दीवार फांदकर जंगल की ओर भाग गया। हमले में घायल बालिका का उपचार सीएचसी मोतीपुर में चल रहा है। हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के ग्राम ककरहा निवासी चुन्नू अपनी दो वर्षीय बेटी साइमा के साथ चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर घर के बाहर सो रहे थे।

# चीन की कोयला खदान में ब्लास्ट, 90 लोगों की मौत

- 247 मजदूर काम कर रहे थे
- जिनपिंग बोले- गुनहगारों को नहीं छोड़ेंगे

**बीजिंग.** चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा चीन में पिछले एक दशक का सबसे बड़ा कोयला खदान हादसा माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक विस्फोट शुक्रवार को शांक्सी प्रांत के किनयुआन काउंटी में हुआ। यह इलाका बीजिंग से करीब 520 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हादसे से पहले खदान में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का अलर्ट जारी किया गया था। इसके कुछ समय बाद जोरदार विस्फोट हुआ।

जिस समय धमाका हुआ, उस वक्त खदान के अंदर 247 मजदूर काम कर रहे थे। अभी यह साफ नहीं है कि कितने लोग अब भी अंदर फंसे हुए हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है।

हैरानी की बात यह है कि हादसे के तुरंत बाद शिन्हुआ ने शुरुआती रिपोर्ट में सिर्फ आठ मौत की जानकारी दी थी और कहा था कि 200 से ज्यादा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बाद में अचानक मृतकों की संख्या बढ़कर 82 बताई गई। सरकारी मीडिया ने यह साफ नहीं किया कि आंकड़ा इतनी तेजी से कैसे बढ़ा।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हादसे के बाद बचाव टीमों को लापता लोगों को खोजने के लिए हर संभव कोशिश करने का निर्देश दिया।

# बेंगलुरु - गुजरात का क्वालिफायर-1 खेलना तय




- चौथी पोजिशन के लिए 4 टीमों में रेस

IPL 2026 के लीग स्टेज में प्लेऑफ की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराकर 18 पॉइंट्स हासिल कर लिए। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट के दम पर बेंगलुरु ने पहले पायदान पर फिनिश किया। इसके साथ ही बेंगलुरु और गुजरात 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 खेलेंगे। गुजरात टाइटंस ने पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर 18 पॉइंट्स हासिल कर लिए थे। टीम का नेट रनरेट +0.695 है और वे दूसरे स्थान पर है। हैदराबाद भी 18 पॉइंट्स तक पहुंच गई, लेकिन नेट रनरेट में पीछे रहने के कारण तीसरे स्थान पर है।

अब चौथे स्थान के लिए राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें रेस में हैं। पंजाब आज लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी और टीम को प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### बेंगलुरु और गुजरात टॉप-2 में कायम

बेंगलुरु और गुजरात के 18-18 पॉइंट्स हैं। बेहतर नेट रनरेट के कारण बेंगलुरु (+0.783) पहले, जबकि गुजरात दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों का क्वालिफायर-1 खेलना तय है। क्वालिफायर-1 हारने वाली टीम को फाइनल खेलने का एक और चांस मिलता है। क्वालिफायर-2 जीतने वाली टीम का मुकाबला क्वालीफायर-1 हारने वाली टीम से एलिमिनेटर में होता है। जीतने वाली टीम फाइनल में क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम से खेलती हैं।

### राजस्थान के पास सबसे बड़ा मौका

राजस्थान 14 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। टीम का आखिरी मुकाबला मुंबई इंडियंस से है। जीत के साथ राजस्थान सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

### हैदराबाद तीसरे स्थान पर

हैदराबाद ने बेंगलुरु को हराकर 18 पॉइंट्स हासिल कर लिए। टीम तीसरे स्थान पर है। हालांकि नेट रनरेट कम (+0.524) होने के कारण SRH टॉप-2 में जगह नहीं बना सकी। टीम को अपना रनरेट ऊपर ले जाने के लिए बेंगलुरु के खिलाफ 91 रन की जीत चाहिए थी। लेकिन टीम 55 रन से ही जीत सकी।

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा- वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

- फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती
- सोनम वांगचुक ने कहा- मैं भी कॉकरोच




कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया। पार्टी ने सुबह 8.25 बजे X पोस्ट में बताया कि CJP का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं।

इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे X पर कहा- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे।

अभिजीत ने लिखा- सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते।

इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने न्यूज एजेंसी PTI से कहा- मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं।'

- 8 दिन में CJP के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स
- सोशल मीडिया पर CJP के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। X पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है।
- CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।

# राघव चड्ढा को याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली.** हाल ही में आम आदमी पार्टी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस पैनल के लिए नामित किया गया है।

राज्यसभा की एक अधिसूचना में कहा गया है कि राघव चड्ढा को याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसमें यह भी बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने 20 मई से प्रभावी रूप से इस पैनल का पुनर्गठन किया है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने याचिका समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस पैनल के लिए नामित किया। राघव चड्ढा के अलावा पैनल के सदस्यों में हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल, मयंककुमार नायक, मस्तान राव यादव बीधा, जेबी माथेर हिशाम, सुभाशीष खुंटिया, रंगव्रा नारजारी और संदोश कुमार पी शामिल हैं। एक अन्य अधिसूचना में राज्यसभा सचिवालय ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने 20 मई 2026 को राज्यसभा के सदस्य डॉ. मेनका गुरुस्वामी को कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है।

# तमिलनाडु CM विजय के काफिले के लिए अलग लेन

- केरलम में आशा वर्करों की सैलरी 3 हजार बढ़ाई
- नई सरकार वाले 3 राज्यों में बदलाव



**चेन्नई.** बंगाल से तमिलनाडु और केरलम तक नई सरकारों ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक और सियासी, दोनों स्तरों पर खुद को अलग दिखाने की कोशिश शुरू कर दी है। तमिलनाडु के सीएम विजय ने शुरुआती 12 दिन में अपने काफिले के लिए ट्रैफिक न रोकने का आदेश दिया है।

महिला सुरक्षा के लिए 'सिंगप्पेन फोर्स' शुरू की है। सरकार ने हर थाने में 24 घंटे सीसीटीवी चालू रखने का निर्देश दिया है। शिकायत दर्ज कराने की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। इसके साथ ही 21 साल से कम उम्र वालों को शराब बेचने पर सख्त कार्रवाई होगी।

केरलम में यूडीएफ की वीडी सतीशन सरकार ने सचिवालय व मंत्रियों के आवासों तक आम लोगों की पहुंच आसान कर दी। मंत्रियों को ऑफिस और घर दोनों जगह लोगों से मिलना होगा।

वहीं पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के मुखिया शुभेंदु अधिकारी ने भी पुलिस को निर्देश दिया है कि उनके काफिले के लिए आम वाहनों को न रोका जाए। शुभेंदु ने 9 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### मुख्यमंत्री के लिए ट्रैफिक नहीं रुकता

सीएम विजय रोज सुबह सचिवालय पहुंचकर शाम तक रुकते हैं। घर से टिफिन लेकर पहुंचते हैं। सीएम का काफिला अलग लेन से गुजरता है, बाकी लेन में आवाजाही नहीं रुकती।

### 33 सदस्यीय कैबिनेट में 11 मंत्री 40 साल से कम और 32 नए मंत्री हैं।

राज्यभर में मंदिरों, स्कूलों और बस स्टैंड के 500 मीटर दायरे में आने वाली 717 शराब दुकानों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

तमिलनाडु ने आर कुमार को एआई मंत्री बनाया है।

# NEET पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

- 30 जून को रिटायरमेंट था
- इस मामले में अब तक 11 अरेस्ट



**मुंबई.** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को NEET पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डॉ. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास MSc, BEd की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं।

गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक हाई लेवल इंटरनल जांच कमेटी बनाई गई है। डॉ. गावड़े ने कहा- हमें इस NEET मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वह क्या कर रही थीं, उन्हें कब नियुक्त किया गया था, या किसने नियुक्त किया था।

NEET पेपर लीक केस में 11वें आरोपी के रूप में अरेस्ट मनीषा एग्जाम प्रोसेस में शामिल थीं। NTA ने उन्हें एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। मनीषा की पहुंच फिजिक्स के क्वेश्चन पेपर तक थी। अप्रैल 2026 में उन्होंने फिजिक्स से संबंधित कुछ सवाल अन्य आरोपी मनीषा मंधारे के साथ शेयर किए थे।

3 मई को हुए NEET एग्जाम के बाद इसके पेपर लीक होने की खबर सामने आई। इस केस में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से 11 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

### फीस रिफंड के लिए लास्ट डेट 27 मई

NTA ने शुक्रवार को NEET-UG 2026 कैंडिडेट के लिए एक खास पोर्टल खोला है, ताकि वे इस महीने की शुरुआत में एंट्रेंस एग्जाम कैंसिल होने के बाद एग्जाम फीस रिफंड के लिए अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स जमा कर सकें। बैंक अकाउंट डिटेल्स जमा करने की सुविधा 22 मई से 27 मई (रात 11:50 बजे तक) तक रहेगी।

## संक्षेप...

### अमृता माजी ने बढ़ाया ठाणे का मान

**ठाणे.** लोकमान्य नगर निवासी बिकास माजी की सुपुत्री अमृता माजी ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अमृता ने इस वर्ष ICT Mumbai से बैचलर इन इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करते हुए टॉप 5 गर्ल्स में अपनी जगह बनाई है। वर्तमान में वे एक प्रतिष्ठित अमेरिकन कंपनी में कार्यरत हैं।

उनकी इस उपलब्धि पर शिवशांति प्रतिष्ठान के संस्थापक एड. विनय कुमार सिंह ने अमृता माजी का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अमृता माजी ने अपनी हाई स्कूल की शिक्षा की तैयारी संस्कार इंस्टीट्यूट से की थी। प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही अमृता ने कठिन परिश्रम एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के माध्यम से ICT Mumbai में प्रवेश प्राप्त किया।

## अवैध निर्माण को लेकर मनपा अधिकारियों का अनोखा कारनामा

# डिमांड पूरी तो रखो आंखें बंद अन्यथा चलेगा हथौड़ा

- **अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि की मिलीभगत से शहर विकास का हुआ सत्यानाश**




**भिवंडी.** उप मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा अवैध निर्माण रोकने के सख्त निर्देश की भिवंडी मनपा प्रशासन खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है.शहर अतिक्रमण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे मनपा प्रशासन के शीर्ष से प्रभाग स्तर के तमाम अधिकारी,कर्मचारी डिमांड पूरी होने पर किसी भी कार्यवाही से आंख मूंद कर जेबें भरने में जुटे हुए हैं.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा परिक्षेत्र में विगत 5 वर्षों में हुए अवैध निर्माणों से शहर विकास प्रारूप का सत्यानाश हो चुका है.मनपा परिक्षेत्र अंतर्गत 1 से 5 प्रभाग समितियों में मनपा नगर विकास विभाग की बगैर मंजूरी लिए सैकड़ों इमारतें बिल्डरों द्वारा क्षेत्रीय सहायक आयुक्त मंडली की डिमांड पूरी कर खड़ी की जा चुकी हैं.मनपा का करोड़ों रुपए का राजस्व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है.जागरूक नागरिकों की असंख्य शिकायतों को दरकिनार कर डिमांड पूरी तो निर्माण अन्यथा हथौड़ा नीति को अपनाते हुए मनपा वार्ड अधिकारियों का भ्रष्ट कामकाज जोरों से चल रहा है.जागरूक लोगों का आरोप है कि,अवैध निर्माण को जनप्रतिनिधियों द्वारा संरक्षण दिए जाने से समूचा भिवंडी शहर अवैध निर्माण की भेंट चढ़ चुका है.

सत्तासीन जनप्रतिनिधियों के भय से कोई भी अधिकारी अवैध निर्माण को रोकने में बेबस दिखाई पड़ता है.मनपा प्रशासन की सख्ती भी कमोवेश दिखावे की होने से बिल्डरों के हौंसले बुलंदी पर हैं.

आश्चर्यजनक है कि,विगत 4 वर्षों के प्रशासक कार्यकाल के दौरान अवैध इमारतों के निर्माण का कारोबार खूब फला फूला.शहरवासियों को आशा थी कि मनपा चुनाव होने पर मनपा में नए जनप्रतिनिधियों के आने के बाद अवैध निर्माण का भ्रष्ट खेला थमेगा लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा बावजूद गति पकड़ रहा है.

### डिमांड करो पूरी अन्यथा तोड़ेंगे निर्माण

लोगों का आरोप है कि,भिवंडी में तेजी से शुरू अवैध निर्माण से मनपा प्रभाग 1से 5 तक सभी क्षेत्रीय सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक मालामाल हो चुके है .जन प्रतिनिधियों के सहयोग से क्षेत्रीय आयुक्तों की टोली अपने अपने क्षेत्रों में पैसा लेकर धड़ल्ले से अवैध निर्माण को संरक्षण देने में जुटे हैं .सूत्रों की माने तो भिवंडी मनपा में अवैध इमारत निर्माण का रेट फिक्स है .इमारत के प्रति स्लैब के लिए वार्ड अधिकारी की टीम का करीब 2 लाख रुपए का रेट फिक्स है . सूत्रों की माने तो,मनपा प्रशासन की अघोषित नीति है कि, किसी को भी अवैध इमारत निर्माण करना है तो वार्ड अधिकारी की डिमांड पूरी करो अन्यथा होगी तोड़क कार्यवाही .एक आरटीई एक्टिविस्ट की माने तो, भ्रष्टाचार के खेला से जुड़े टॉप से बॉटम तक अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय सहायक आयुक्त की संपत्ति जांच कराए जाने की मांग ईडी सहित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की गई है .

### उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिकायत

जनहित सामाजिक संस्था ने अवैध निर्माण को लेकर सख्त रुख अपनाने वाले उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अवैध निर्माण कारोबार को रोकने की अपील की है .उप मुख्यमंत्री शिंदे को दिए पत्र में अवैध निर्माण के द्वारा शहर विकास कार्यों सहित मनपा राजस्व का नुकसान करने वाले भ्रष्टाचार में लिप्त जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों पर सख्त एक्शन लेने की मांग की है .

> मनपा प्रशासन अवैध निर्माण को लेकर सख्ती बरत रहा है .अवैध निर्माण को रोकने हेतु संबंधित वार्ड अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं .अवैध निर्माण में लिप्त बिल्डरों और संरक्षण देने वाले अधिकारी,बीट निरीक्षक पर सख्त एक्शन लिया जाएगा .
>
> -**विक्रम दराडे**, उपायुक्त अतिक्रमण मनपा भिवंडी

# मोबाइल चोरी के बाद बैंक खाते से 85 हजार उड़ाए




- **पीड़ित ने पुलिस में दर्ज कराया शिकायत**
- **मोबाइल चोरी करने वाले युवक की करतूत सीसीटीवी में कैद**

**उल्हासनगर.** मोबाइल चोरी होने के बाद बैंक खाते से 85 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अज्ञात चोर ने मोबाइल चोरी करने के बाद उसकी जानकारी के बिना यूपीआई आईडी बनाकर बैंक खाते से रकम निकाल ली। मिली जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय मोहम्मद महबूब शेख, जो एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में टेम्पो चालक के रूप में कार्यरत हैं, 3 मई की शाम करीब 4 बजे माल उतारने के लिए शहाड स्थित एक दुकान पर पहुंचे थे। दुकान के सामने जगह नहीं होने के कारण उन्होंने अपना टेम्पो कल्याण-मुरबाड रोड पर सेंचुरी कंपनी परिसर के पास, शहाड यातायात चौकी के सामने खड़ा किया और वाहन के अंदर ही सो गए।

शाम करीब 4:30 बजे जब उनकी नींद खुली तो उनकी जेब में रखा मोबाइल फोन गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला, जिसके बाद उन्हें चोरी की आशंका हुई। चोरी हुआ मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी A07 मॉडल का बताया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5 हजार रुपये है।

पीड़ित के अनुसार, 6 मई को उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते से 85 हजार रुपये निकाले जाने का संदेश प्राप्त हुआ। जांच करने पर पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके चोरी हुए मोबाइल का उपयोग कर उनकी अनुमति के बिना यूपीआई आईडी बनाकर खाते से रकम ट्रांसफर कर ली।

घटना के संबंध में पीड़ित ने उल्हासनगर 1 नंम्बर पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है तथा मोबाइल चोरी और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के दोनों पहलुओं की जांच की जा रही है।

# 34 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ 5 गिरफ्तार

- **कल्याण की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने की कार्रवाई**



**कल्याण.** कल्याण में पुलिस उपायुक्त की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने पिछले महीने हेरोइन (गर्द) की तस्करी कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। इन तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने मुख्य तस्कर समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। स्क्वॉड ने इन तस्करों से कुल 9 किलो 768 ग्राम, जिसकी कीमत 34 करोड़ 18 लाख 84 हज़ार रुपये है, ज़ब्त की है। पिछले कई सालों में कल्याण पुलिस द्वारा की गई यह सबसे बड़ी हेरोइन ज़ब्ती है।

गिरफ्तार आरोपियों में कासिम अब्दुल सत्तार वसईकर (38, निवासी बजाज हाउस, सावरकर नगर, सरकारी अस्पताल के पीछे, गेसरे रोड, शाहपुर (ठाणे), कृष्णा नागप्पा हलेमानी (36, प्रतीक्षानगर, पोस्ट ऑफिस नंबर 2 के पास, गुरुतेग बहादुरनगर, सायन, कोलीवाड़ा), अमजद यूसुफ पठान (47, निवासी याकूब मंजिल, अल्लाहु अकबर मस्जिद के पास, जेठा कंपाउंड, बैलबाजार, कल्याण) शामिल हैं। अमजद फिलहाल नासिक जिले के इगतपुरी में अश्विन होटल के बगल में जोगेश्वरी बिल्डिंग में रहता है। गणेशन पुथुस्वामी जंगमार उर्फ अन्ना (71, प्रतीक्षानगर, सरदारनगर, सायन, कोलीवाड़ा, मुंबई), सद्दाम गफूर शेख (32, निवासी बैलबाजार, गुलशननगर, गुजराती स्कूल के पीछे, कल्याण पश्चिम)। अमजद पठान के खिलाफ कुल 20 मामले दर्ज हैं।

ये मामले ड्रग्स नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत दर्ज हैं। राजस्थान, नारकोटिक्स कंट्रोल डिपार्टमेंट, भिवंडी के कोन में भी केस दर्ज हैं। कासिम के खिलाफ तीन, सद्दाम के खिलाफ 7 केस दर्ज हैं।

### सुबह की कार्रवाई

कल्याण पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड पिछले महीने सुबह 7 बजे कल्याण वेस्ट इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। सांगलेवाड़ी श्मशान घाट के पास पहुंचने पर पुलिस ने दो लोगों को पीठ पर बैग लादकर भागते देखा। स्क्वॉड को शक हुआ और उन्होंने उनका पीछा किया और दोनों लोगों को रोक लिया। उन्होंने पुलिस को अपने नाम कासिम वसईकर और कृष्णा हलेमानी बताए। पुलिस ने उनके बैग की तलाशी ली। उनमें बैग में लिपटी 9 किलो 236 ग्राम हेरोइन (गर्द) मिली, जिसकी कीमत 32 करोड़ 32 लाख रुपये थी। इस तस्करी के मामले में कांस्टेबल अमित शिंदे ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया था।

जांच के दौरान, पुलिस को शाहपुर में कासिम के घर से 1 करोड़ 85 लाख रुपये की 531 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जब्त की गई। इस हेरोइन का मुख्य सप्लायर अमजद पठान ने यह स्टॉक गणेशन को बेचने के लिए तैयार रखा था। जंगमार. इसलिए, यह पता चला कि अमजद इस क्राइम का मेन सप्लायर था. कासिम और गफूर पठान से अलग-अलग इलाकों में ड्रग्स पहुंचाने का काम कर रहे थे.

### बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहने से कार्यरत मजदूर फंसे

**ठाणे.** श्रीनगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत लगभग 17:25 बजे आपदा प्रबंधन को मिली जानकारी के अनुसार रोड नंबर 27 वागले एस्टेट में एक बन रही नई बिल्डिंग का हिस्सा ढह गया उसमें कार्यरत मज़दूर फसे।

इस घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मुख्य आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी, श्रीनगर पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर गुलजारीलाल फडतरे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी पंहुचे। आपदा प्रबंधन विभाग का 1 स्टाफ - यूटिलिटी गाड़ी, 1 एम्बुलेंस,अग्निशमन विभाग का 1 स्टाफ, कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के डिप्टी इंजीनियर के सहयोग से मजदूरों को निकाला गया।इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

# युवा कांग्रेस ने पेट्रोल पंपों पर मेलोडी चॉकलेट बांटी

**ठाणे.** युवा कांग्रेस ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का अनोखे तरीके से विरोध किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज मोरे ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पेट्रोल पंपों पर ड्राइवरों को मेलोडी चॉकलेट बांटी और सरकार की आर्थिक नीतियों का विरोध किया।युवा कांग्रेस की ओर से ₹महाराष्ट्र की आवाज, ठाणे का बदलाव₹ अभियान शुरू किया गया।इस मौके पर शिवराज मोरे के साथ राष्ट्रीय सह सचिव शांभवी शुक्ला, उपाध्यक्ष सैयद आफरीन मुजफ्फर हुसैन, राज्य सचिव मेहर चौपाने, महासचिव दीपक पाठक, सचिव प्रशांत परवे, कल्याण जिला अध्यक्ष जपजीत सिंह, ठाणे शहर विधानसभा अध्यक्ष लोकेश घोलप, कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष वसीम हजरत और अन्य मौजूद थे।

# ठाणे में गैर-कानूनी वाहन से 46 लाख का डीजल जब्त

**ठाणे.** क्राइम ब्रांच यूनिट 1 और राशन डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट ने ठाणे के खारेगांव टोल प्लाजा इलाके में एक जॉइंट ऑपरेशन में गैर-कानूनी तरीके से डीज़ल ले जा रहे एक टैंकर को पकड़ा। 21 मई को करीब 25,000 लीटर डीज़ल जैसा पदार्थ और 46 लाख 50 हजार रुपये का सामान ज़ब्त किया गया। इस मामले में टैंकर ड्राइवर समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि मुंबई से नासिक जा रहा टैंकर नंबर MH-46-BB-7134, शक के दायरे में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स ले जा रहा है। इसी के तहत, खारेगांव टोल प्लाजा पर जाल बिछाया गया और टैंकर को रोका गया। हालांकि टैंकर पर 'खाने का तेल' लिखा था, लेकिन जांच के दौरान सभी पांच वाहनों में डीज़ल मिला। पूछताछ में ड्राइवर धर्मेंद्र कुमार पटेल ने माना कि उसने टैंकर मालिक रितेश अभय नारायण सिंह के कहने पर विरार खाड़ी इलाके से डीज़ल भरा था। उसने यह भी बताया कि रोशन शिरोडकर, नितिन कोली, राजू पंडित, दीपक पवार, सागर पाटिल और अनिल सूरत ने नाव से डीज़ल टैंकर भरा था। पंचायत की मौजूदगी में सैंपल लेकर लैब में भेज दिए गए हैं। पुलिस ने टैंकर के साथ 25 हज़ार लीटर डीज़ल जैसा पदार्थ ज़ब्त किया है। राशन डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर सुभाष डुंबरे की शिकायत के आधार पर, कलवा पुलिस स्टेशन में संबंधित लोगों के खिलाफ एसेंशियल कमोडिटीज़ एक्ट और दूसरे संबंधित कानूनों के तहत केस दर्ज किया गया है।

## आम सूचना

हम श्रीमती नंदा भारत सोनावने व श्री गौतम अशोक कोरके सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, सुभाष नगर, चर्च के पास, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 27बीआय022596500) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक आशाराम कोरके ने गिफ्ट एग्रीमेंट 17.4.2026 सी.नं. 6/319 द्वारा मुझे दी है।जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नंदा भारत सोनावने व श्री गौतम अशोक कोरके**

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्री विजय मनोहरलाल मीरचंदानी ने बैरक नं. 147-ए, रुम नं. 7, क्षेत्रफल 400 चौ.फुट., उल्हासनगर- 421001. लाइट मीटर नं. 021510024777 (टैक्स नं. 05एआय014357100) इस प्रापर्टी के बिक्री का सौदा श्री मोहनलाल होलाराम केवलरामानी के साथ किया है।

अगर उपरोक्त प्रॉपर्टी के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि अथवा किसी भी कोर्ट केस या संस्था/बैंक को देना ऐसी किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो तो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त प्रॉपर्टी का सौदा कर पूरा कर दिया जाएगा उसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
**एड. पिंकी बुधवानी**
शॉप नं. 2, लासी हॉल के पास, हेमराज डेयरी रोड, उल्हासनगर-421001. मो. 7057805281

# मुझे नहीं पता कि मैं क्यों वायरल हो जाता हूं !



- **'होम फ्रॉम वर्क' पर बोले सांसद रवि किशन**

इंटरनेट के दौर में कौन कब वायरल हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। कभी फोटो तो कभी लोगों की जुबान से निकले शब्द सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं। जब लोग कुछ सोच पाते हैं तब तक वह हजारों लोगों तक पहुंच जाता है। ऐसे में कुछ लोगों को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक वीडियो गोरखपुर सांसद रवि किशन का वायरल हो गया। रवि किशन के इस वीडियो पर लोगों ने अब मीम्स बनाने शुरू कर दिए हैं। हालांकि रवि किशन ने इसको लेकर सफाई भी दी।

गोरखपुर से भाजपा सांसद और अभिनेता रवि किशन का कहना है कि वह आज तक यह नहीं समझ पाए हैं कि सोशल मीडिया पर उनके वीडियो और 'मीम्स' क्यों प्रसारित होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह महज एक आम इंसान हैं और दूसरों की तरह उनसे भी गलतियां हो जाती हैं। अभिनेता रवि किशन से शुक्रवार शाम उनकी आगामी फिल्म 'मां बहन' के ट्रेलर जारी करने के मौके पर उनकी हालिया वायरल हुई वीडियो के संबंध में पूछा गया था, जिसमें उन्होंने गलती से 'वर्क फ्रॉम होम' कहने के बजाय 'होम फ्रॉम वर्क' कह दिया। वह इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वर्क फ्रॉम होम' की अपील के समर्थन में बोल रहे थे।

### मां-बहन फिल्म में नजर आएंगे रवि किशन

गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने कहा, मैं महादेव की कसम खाकर कहता हूं कि मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि मैं क्यों वायरल होता रहता हूं। मैं उस समय संसद जा रहा था और कहना चाहता था कि 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) करने की जरूरत है, लेकिन उसकी जगह मुंह से 'होम फ्रॉम वर्क' निकल गया। बतादें कि 'मां बहन' फिल्म में रवि किशन के साथ माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धारणा दुर्गा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म का निर्देशन 'सूबेदार' और 'तुम्हारी सुलू' फिल्म के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने किया है।

# दीनदयाल उपाध्याय रोज़गार मेले से सैकड़ों युवाओं को लाभ




**ठाणे.** मनपा के युवाओं को रोज़गार के ज़्यादा मौके देने के लिए विधायक संजय केलकर की पहल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोज़गार मेला लगाया गया। मेले से सैकड़ों युवाओं को लाभ हुआ।विधायक केलकर की पहल पर और महाराष्ट्र सरकार के स्किल, रोज़गार, एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन डिपार्टमेंट के साथ मिलकर, छठा पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोज़गार मेला शुक्रवार, 22 मई को सुबह 10 बजे मावली मंडल स्कूल, टेलीफ़ोन एक्सचेंज के पास, ठाणे में लगा। इस पहल के ज़रिए, अलग-अलग जानी-मानी कंपनियों में नौकरी के मौके दिए गए। इस मौके पर 10वीं से लेकर ग्रेजुएशन तक के सैकड़ों कैंडिडेट मौजूद थे। लगभग 30 कंपनियाँ वॉक-इन इंटरव्यू के लिए मौजूद थीं। कई लोगों को उनके ज़रिए तुरंत अपॉइंटमेंट लेटर दिए गए। प्रशांत जाधव ने इस रोज़गार मेले का प्लान बनाया। इस मौके पर विधायक केलकर ने युवाओं को गाइड किया। इस मौके पर गट नेता मुकेश मोकाशी,नगरसेवक सीताराम राणे,नगरसेविका उषा वाघ, नगरसेवक सुरेश कांबले, विशाल वाघ, जयेंद्र कोली, महिला अध्यक्षा स्वप्नाली सालवी, रक्षा यादव, योगेश भंडारी, मत्सगंधा पवार, प्रदीप जाधव, राजेश गाडे सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आम सूचना

मैं श्री बालन सत्यनारायण इयर सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के सामने, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 42सीओ009564100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती राजमनी सुरेश इयर राजमनी उपाल्या बिंगी व श्रीमती लक्ष्मी महेश रामन के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.12.2025 सी.नं. 54/2025 द्वारा मैंने खरीदी है।जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बालन सत्यनारायण इयर**

## आम सूचना

मैं श्री गिरीश नारायणदास पारदासणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 3, बिल्डिंग नं. 3, ग्राऊंड फ्लोर, रामायण नगर, दशहरा मैदान के पास, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 35बीआय007742100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती दीपा नारायणदास पारदासाणी व श्रीमती तमन्ना राजीव देवनाणी ने रिलीज एग्रीमेंट 29.4.2026 सी.नं. 355 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गिरीश नारायणदास पारदासणी**

## आम सूचना

हम श्री राजेश मुरलीधर रामानी व श्रीमती सविता राजेश रामानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि बैरक नं. 1075-ए, शीट नं. 6, यू नं. 19 से 21, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 38बीओ007145800) उक्त प्रॉपर्टी श्री सदाशिव नायर से सेल एग्रीमेंट 19.6.2007 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश मुरलीधर रामानी व श्रीमती सविता राजेश रामानी**

## आम सूचना

हम श्री सुरेश अमरलाल थारवाणी व श्री कैलाश सुरेश थारवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि दो दुकान, 1) दुकान बैरक नं. 677 के सामने (पार्ट) 2) दुकान बैरक नं. 684/660 के सामने, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 24बीआय017179800 व 24बीआय017179900) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनिषकुमार शिवकुमार खटूजा से सेल एग्रीमेंट 3.4.2026 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुरेश अमरलाल थारवाणी व श्री कैलाश सुरेश थारवाणी**

## आम सूचना

मैं मिस लविना महेश मंगलाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन आफ रुम, ग्राऊंड फ्लोर, रुम नं. 10, बैरक नं. 1917, सेक्शन 40, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 58डीआय020149700) उक्त प्रॉपर्टी श्री पंकज जीतेंद्र माखीजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.12.2025 सी.नं. 562/30 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस लविना महेश मंगलाणी**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099